दिनांक : 23.03.2026 समय : 02.10PM

23.03.2026/02.10PM

प्रधानमंत्री-संबोधन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पश्चिम एशिया में वर्तमान संघर्ष के संदर्भ में स्थिति और चल रहे तथा प्रस्तावित राहत उपायों पर आज लोकसभा में संबोधन दे रहे हैं। इससे पहले कल प्रधानमंत्री ने इसी मुद्दे पर मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति-**सीसीएस** की बैठक की अध्यक्षता की थी। श्री मोदी ने कहा कि यह संघर्ष लगातार बदलती हुई स्थिति है और इससे पूरी दुनिया किसी न किसी रूप में प्रभावित है। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में नागरिकों को इस संघर्ष के प्रभाव से बचाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने राज्य सरकारों के साथ उचित समन्वय सुनिश्चित करने के लिए भी कहा ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि आवश्यक वस्तुओं की कालाबाज़ारी और जमाखोरी न हो।

सफलता के मंत्र **23.03.2026/02.10PM**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित 'सफलता के मंत्र' कार्यक्रम में सिविल सेवा परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों

से 'संवाद' किया और उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 'मध्यप्रदेश की प्रतिभाओं का परचम' पुस्तक का विमोचन करते हुए युवाओं की उल्लेखनीय उपलब्धियों की सराहना की। कार्यक्रम में चयनित अभ्यर्थियों की प्रेरक सफलता प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण किया गया, जिसने उपस्थित युवाओं को नई ऊर्जा और दिशा प्रदान की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि चयनित युवाओं की सफलता केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि ही नहीं, बल्कि पूरे मध्य प्रदेश का गौरव है।

शहादत दिवस **23.03.2026/02.10PM**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज शहीद दिवस के अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी- भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को श्रद्‌धांजलि अर्पित की। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्र के लिए उनका बलिदान देशवासियों की स्मृति में सदैव अंकित रहेगा। आगे उन्होंने कहा कि इन स्वतंत्रता सेनानियों के न्याय, देशभक्ति और निर्भीक प्रतिरोध के आदर्श आज भी अनगिनत भारतीयों में जोश और प्रेरणा का संचार करते हैं। संसद के दोनों सदनों ने भी भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को उनके शहादत दिवस पर श्रद्‌धांजलि अर्पित की। इस दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि इन वीर सेनानियों ने छोटी उम्र में ही देश की आजादी के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। वहीं, राज्यसभा अध्यक्ष सी. पी.

राधाकृष्णन ने कहा कि उनकी शहादत देश के स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास का मात्र एक अध्याय नहीं थी, बल्कि इसने राष्ट्र की अंतरात्मा को जागृत करने और लाखों लोगों को औपनिवेशिक शासन के विरुद्ध एकजुट होने के लिए प्रेरित किया। इधर मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने अपने संदेश में कहा कि आपके सर्वोच्च बलिदान का राष्ट्र कृतज्ञ रहेगा।

आंगनवाड़ी-विद्यारंभ **23.03.2026/02.10PM**

प्रदेश में कल सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर विद्यारंभ समारोह आयोजित किया जाएगा। इसमें शाला पूर्व शिक्षा प्राप्त कर रहे 5 से 6 आयु वर्ष के बच्चों को “विद्यारंभ प्रमाण-पत्र” प्रदान कर उन्हें औपचारिक स्कूली शिक्षा की ओर अग्रसर किया जाएगा। इस पहल को राज्य स्तर पर प्रदर्शित करने के लिए भोपाल में विशेष राज्य स्तरीय ‘ ग्रेजुएशन सेरेमनी ’ का आयोजन किया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया बच्चों को प्रमाण-पत्र वितरित कर उनके उज्ज्वल शैक्षणिक भविष्य की शुभकामनाएँ देंगी। यह पहल केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के निर्देशों के अनुरूप की जा रही है, इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के अनौपचारिक शिक्षा से औपचारिक विद्यालयी प्रणाली में सुगम संक्रमण को सुनिश्चित करना, परिवार और समुदाय को शाला

पूर्व शिक्षा के प्रति जागरूक करना तथा आंगनवाड़ी केंद्रों को प्रारंभिक शिक्षा के सशक्त केन्द्र के रूप में स्थापित करना है।

संक्षिप्त समाचार **23.03.2026/02.10PM**

- जल गंगा संवर्धन अभियान की कार्य योजना तैयार करने के संबंध में नीमच कलेक्टर हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता में आज बैठक आयोजित की गई।
- विश्व जल दिवस पर जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के तहत बैतूल में जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई।
- पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने के लिए नर्मदापुरम में साइक्लोथॉन का आयोजन किया गया। नगर पालिका परिसर से शुरू हुई इस रैली में बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने उत्साह के साथ हिस्सा लेकर 'क्लीन नर्मदापुरम' और स्वस्थ जीवन शैली का संदेश दिया।
- शिवपुरी जिले में चैत्र नवरात्रि में माता मेलों का दौर जारी है। इन मेलों में मिट्टी के बर्तन बेचने के लिए कारीगरों ने अपनी दुकानें लगाई हैं। इन मेलों में मिट्टी के बर्तन बिक रहे हैं।